संपादक का नोट

हमारे प्रभु और उद्धारकर्ता यीशु मसीह के बहुमूल्य नाम में अभिवादन करती हूँ।

यूहन्ना 1:12 ''परन्तु जितनों ने उसे ग्रहण किया, उस ने उन्हें परमेश्वर के सन्तान होने का अधिकार दिया, अर्थात उन्हें जो उसके नाम पर विश्वास रखते हैं।''

हम परमपिता परमेश्वर की विरासत हैं। इस धरती पर, पिता की संपत्ति उनके बेटों और बेटियों द्वारा साझा की गई है। यदि उसे दूसरे के पास देना हो, तो उसे 'विल'(इच्छापत्र) बनाना पड़ता है।

.लेकिन, अपने बच्चों के लिए हमें एक इच्छापत्र बनाने की जरूरत नहीं होती है, क्योंकि अपने आप से सभी संपत्ति अपने बच्चों के पास आ जाती है। इसी तरह, हमें अपनी आत्मारिक विरासत प्राप्त करने के लिए परमेश्वर के संतान बनना होगा और एक धर्मी और आदर्श जीवन जीना होगा।

यीशु ने यूहन्ना 21: 5 में कहा ''तब यीशु ने उन से कहा, हे बालको, क्या तुम्हारे पास कुछ खाने को है? उन्होंने उत्तर दिया कि नहीं।''

यीशु ने अपने चेलों को यूहन्ना 15:15 में ''मित्र'' कहते हैं और यूहन्ना 21: 5 में ''बालको'' ऐसे कहकर बुलाया है। जब आप और मैं यीशु से उनके दूसरे आगमन के दौरान मिलेंगे, तो हमें उनके बच्चे कहलाने के योग्य बनना चाहिए। उसके बच्चे बनने के लिए, हमें उसके नाम पर विश्वास करना चाहिए और उस पर विश्वास करना चाहिए। जो लोग उन पर विश्वास करते हैं उन्हें प्रभु के बच्चे कहलाने का अधिकार है। जब हम प्रभु के बच्चे बनेंगे, तब वह हमारे पिता बनेंगे।

जब हम प्रभु के बच्चे बनते हैं, तो परमेश्वर पिता हमसे कुछ उम्मीद करते है। ऐसा क्या है कि प्रभु हम से उम्मीद करते है? वह अपेक्षा करते है कि हम प्रभु को अपने पूरे तन, मन और आत्मा से प्यार करे और वह अपेक्षा करते है कि हम प्रभु के पास नष्ट होनेवाली आत्मा को बचाने के लिए उनकी कृपा में लाएं। जब एक आत्मा भी बच जाती है, तो स्वर्ग में आनन्द होता है। लूका 15: 7 ''मैं तुम से कहता हूं; कि इसी रीति से एक मन फिरानेवाले पापी के विषय में

भी स्वर्ग में इतना ही आनन्द होगा, जितना कि निन्नानवे ऐसे धर्मियों के विषय नहीं होता, जिन्हें मन फिराने की आवश्यकता नहीं।''

हम में से कितने लोग वास्तव में ऐसा करने के लिए खुद को तैयार कर सकते हैं? ''मैं उनकी बेटी हूँ'' या ''मैं उनका बेटा हूँ'' यह कहकर हम उनके बच्चे नहीं बन सकते हैं, लेकिन यह तब होगा जब हम उनकी आज्ञाओं को पूरा करेंगे ताकि हम उनके बेटे और बेटियाँ बनें।

इसलिए आइए हम अपने आपको प्रभु के लिए अपने पूरे तन, मन और आत्मा से प्यार करे और दुखित मनवाले, प्यासे और भूखे लोगों को प्रभु की कृपा में लेके आयें।

1 यूहन्ना 3: 1–3 ''1 देखो पिता ने हम से कैसा प्रेम किया है, कि हम परमेश्वर की सन्तान कहलाएं, और हम हैं भी: इस कारण संसार हमें नहीं जानता, क्योंकि उस ने उसे भी नहीं जाना। 2 हे प्रियों, अभी हम परमेश्वर की सन्तान हैं, और अब तक यह प्रकट नहीं हुआ, कि हम क्या कुछ होंगे! इतना जानते हैं, कि जब वह प्रकट होगा तो हम भी उसके समान होंगे, क्योंकि उस को वैसा ही देखेंगे जैसा वह है। 3 और जो कोई उस पर यह आशा रखता है, वह अपने आप को वैसा ही पवित्र करता है, जैसा वह पवित्र है।''

प्यारे प्रियजनों, हम सभी आज उनके बच्चों की तरह हैं इसलिए हमें अपने स्वर्गीय पिता की इच्छा पूरी करने के लिए मरते दम तक कोशिश जारी रखना चाहिए।

प्रभु आपको इस पत्रिका के माध्यम से आशीर्वाद दे जब तक हम फिर से मिलेंगे।

पास्टर सरोजा म।

धन्य है वह मनुष्य जो परमेश्वर पर भरोसा रखता है!

व्यवस्थाविवरण 2: 7 ''क्योंकि तुम्हारा परमेश्वर यहोवा तुम्हारे हाथों के सब कामों के विषय तुम्हें आशीष देता आया है; इस भारी जंगल में तुम्हारा चलना फिरना वह जानता हैं; इन चालीस वर्षो में तुम्हारा परमेश्वर यहोवा तुम्हारे संग संग रहा है; और तुम को कुछ घटी नहीं हुई।'' जब मूसा बूढ़ा हो गया, तो उसने सभी इस्राएलियों और परमेश्वर के लोगों को बुलाया, उन्हें उनके जीवन में परमेश्वर के पराक्रम और अद्भुत कार्यों के बारे में गवाही देने के लिए इकट्ठा किया। उन्होंने लोगों को बताया कि कैसे प्रभु दिन में बादल के रूप में और रात में आग के खंभे के समान उनके साथ थे। मूसा ने यह भी बताया कि कैसे जंगल में प्रभु हर दिन उनके लिए रास्ता बनाते थे। आज भी प्रभु नहीं बदले है, वही प्रभु हमारे साथ है। याकूब ने उत्पत्ति में भी गवाही दी उत्पत्ति 35: 3 ''और आओ, हम यहां से कूच करके बेतेल को जाएं; वहां मैं परमेश्वर के लिये एक वेदी बनाऊंगा, जिसने संकट के दिन मेरी सुन ली, और जिस मार्ग से मैं चलता था, उस में मेरे संग रहा।'' प्रभु हमेशा अपने लोगों के साथ चलते हैं, चाहे सड़क अच्छी तरह से यात्रा की हो या यह एक नई सड़क हो, चाहे अज्ञात हो, लेकिन याद रखें कि हमारा प्रभु हमेशा हमारे साथ उस सड़क पर चल रहे है, जिस पर हम यात्रा करते हैं। जब यहोशू कनान के रास्ते में इस्राएलियों के साथ गया, तो उसने इस्राएलियों से कहा यहोशू 3: 4 ''परन्तु उसके और तुम्हारे बीच में दो हजार हाथ के अटकल अन्तर रहे; तुम सन्दूक के निकट न जाना। ताकि तुम देख सको, कि किस मार्ग से तुम को चलना है, क्योंकि अब तक तुम इस मार्ग पर हो कर नहीं चले।'' यहोशू का विश्वास प्रभु में था, इसलिए भले ही सड़क नई थी और वे इसे पहली बार पार कर रहे थे, फिर भी प्रभु रास्ते में उनके साथ थे। बाद में, जब यहोशू बूढ़ा हो गया, तो उसने भी सभी इस्राएलियों और परमेश्वर के लोगों को बुलाया, उन्हें उनके जीवन में परमेश्वर के शक्तिशाली और अद्भुत कार्यों के बारे में गवाही देने के लिए इकट्ठा किया। आइए हम पढ़ते हैं यहोशू 24: 17 ''क्योंकि हमारा परमेश्वर यहोवा वही है जो हम को और हमारे पुरखाओं को दासत्व के घर, अर्थात मिस्र देश से निकाल ले आया, और हमारे देखते बड़े बड़े आश्चर्य कर्म किए, और जिस मार्ग पर और जितनी जातियों के मध्य में से हम चले आते थे उन में हमारी रक्षा की;'' हमने अब तक देखा है कि परमेश्वर अलग—अलग रूपों में इस्राएलियों के साथ थे और अलग—अलग समय पर परमेश्वर ने उनकी अलग—अलग

तरह से मदद की। इस प्रकार, अब तक हमने देखा है कि कैसे मूसा, याकूब और यहोशू ने परमेश्वर के अद्भुत कामों की इस्राएलियों के साथ गवाही दी। हालाँकि सड़क नई थी और पहले कभी नहीं पार की थी, लेकिन जंगल में उनकी यात्रा के दौरान प्रभु उनके साथ थे।

मूसा ने इस्राएलियों के साथ इस बारे में बहुत पहले बात की थी, आइए हम पढ़ते हैं व्यवस्थाविवरण 1: 31–33 ''31 फिर तुम ने जंगल में भी देखा, कि जिस रीति कोई पुरूष अपने लड़के को उठाए चलता है, उसी रीति हमारा परमेश्वर यहोवा हम को इस स्थान पर पहुँचने तक, उस सारे मार्ग में जिस से हम आए हैं, उठाये रहा। 32 इस बात पर भी तुम ने अपने उस परमेश्वर यहोवा पर विश्वास नहीं किया, 33 जो तुम्हारे आगे आगे इसलिये चलता रहा, कि डेरे डालने का स्थान तुम्हारे लिये ढूंढ़े, और रात को आग में और दिन को बादल में प्रकट हो कर चला, ताकि तुम को वह मार्ग दिखाए जिस से तुम चलो।'' इसी तरह, आज भी, हालांकि चाहे हमारे लिए सड़क कितनी ही तंग क्यों न हो, प्रभु उस मार्ग में हमारी मदद करेंगे हालांकि यह मुश्किल हो सकता है, यह नया और अज्ञात भी हो सकता है, लेकिन यह हमारे प्रभु ही है जो इस तरह से हमारी मदद करेंगे। हमने मूसा और यहोशू दोनों की साक्षी सुनी है। कष्टों और दुखों में, उनके जीवन की हर परिस्थिति में, यह प्रभु ही थे जिन्होंने उनके जीवन में मार्ग तैयार किया और उनके साथ सफलतापूर्वक चले। इस प्रकार, यह उनके अनुभव के माध्यम से वे परमेश्वर के कार्यों के बारे में इस्राएलियों को गवाही दिया। इसलिए, हमें विश्वास करना चाहिए कि हमारे सभी अनजान रास्तों में आज भी प्रभु हमारे साथ चलेंगे, क्योंकि उस वादे के कारण जो प्रभु ने हमें दिया है यशायाह 54: 10 ''चाहे पहाड़ हट जाएं और पहाडियां टल जाएं, तौभी मेरी करूणा तुझ पर से कभी न हटेगी, और मेरी शान्तिदायक वाचा न टलेगी, यहोवा, जो तुझ पर दया करता है, उसका यही वचन है।'' हमारे प्रभु का वादा है कि उनकी दया, अनुग्रह, प्यार कभी हमसे अलग नहीं होगी। इस प्रकार, दाऊद अलग–अलग जगहों पर कहता हैं कि ''धन्य है वह व्यक्ति जो परमेश्वर में विश्वास करता है, वह कभी निराश नहीं होगा''। नबी यिर्मयाह भी कहता है यिर्मयाह 17: 7 ''धन्य है वह पुरुष जो यहोवा पर भरोसा रखता है, जिसने परमेश्वर को अपना आधार माना हो।'' जी हाँ, यिर्मयाह भी कहता है कि जो लोग परमेश्वर में अपना विश्वास और भरोसा रखते हैं, वे 'धन्य हैं'। शुरवात के समय से हमने इस्राएलियों पर परमेश्वर के अनुग्रह का हाथ देखा है, तब से आज तक वही प्रभु हैं, उनके वादे कभी नहीं बदलते हैं। आइए हम पढ़ते हैं 2 कुरिन्थियों 1: 4 ''वह हमारे सब क्लेशों में शान्ति देता है; ताकि हम उस शान्ति के कारण जो परमेश्वर हमें देता है, उन्हें भी शान्ति दे सकें, जो किसी प्रकार के क्लेश में हों।'' जब हम प्रभु पर विश्वास करते हैं तो हमारे प्रभु ने हमें क्या दिया है? प्रभु ने हमें शांति 'दी है। इस धरती पर कोई भी ऐसा मनुष्य नहीं है जिसका जीवन दु:ख या पीड़ा, परीक्षणों या क्लेशों के बिना हो! जिन लोगों के जीवन में कष्ट नहीं हैं वे प्रभु के लोग नहीं हैं। क्योंकि यह प्रभु है जिन्होंने कहा था कि ''अगर उन्होंने मेरे साथ ऐसा किया है, तो वे तुम्हारे साथ भी करेंगे''। प्रभु ने हमें कई तरीकों से बताया है कि इस दुनिया

के लोग हमें अपमानित करेंगे, हमें हमारे जीवन में दुःख और दर्द देंगे, लेकिन हम कितना सहन कर सकते हैं, उतना ही हमारे जीवन में अपमान होगा। लेकिन हमें धाडस बांधे रहना चाहिए, क्योंकि हमारे प्रभु ने हमारे खातिर इन सब चीज़ों के ऊपर जय पाया है। दुष्ट हम पर बोझ डालने और हमें नीचा दिखाने के लिए हर तरह की कोशिश करेगा, ताकि हम प्रभु को इंकार करे। लेकिन अगर हम प्रभु के साथ स्थिर हैं और प्रभु को दृढ़ता से पकडे रहे, तो हम उसमें विजय प्राप्त करेंगे। इस प्रकार, यह वचन कहता है कि ''प्रभु हमें हमारी सभी परेशानियों और कष्टों से मुक्ति दिलाएगा''। प्रभु हमारे सभी परीक्षणों के माध्यम से हमें शांति देगा।

आइए हम पढ़ें यशायाह 49: 13 ''हे आकाश, जयजयकार कर, हे पृथ्वी, मगन हो; हे पहाड़ों, गला खोल कर जयजयकार करो! क्योंकि यहोवा ने अपनी प्रजा को शान्ति दी है और अपने दीन लोगों पर दया की है।'' यह हमारे लिए प्रभु का प्यार और दया है। सिर्फ इसलिए कि हम अपने जीवन में समस्याओं का सामना कर रहे हैं, हमें प्रभु से दूर नहीं जाना चाहिए, बल्कि हमें उनके साथ और भी अधिक चलना चाहिए। हमें उनके पवित्र नाम की और भी प्रशंसा और महिमा करनी चाहिए। परमेश्वर उन लोगों को जो ह्रदय से दुःखित हैं उन्हें आशीर्वाद देते है लेकिन अभिमानियों का विरोध करते है। पवित्र शास्त्र में, हमने देखा है कि एलीशा के जीवन में, उसने एलिय्याह से दो बार शॉल के रूप में आशीर्वाद प्राप्त किया। क्या कारण है कि एलिय्याह की शॉल उस पर दो बार गिरी? आइए हम पढ़ते हैं 1 राजा 19: 19 ''तब वह वहां से चल दिया, और शापात का पुत्र एलीशा उसे मिला जो बारह जोड़ी बैल अपने आगे किए हुए आप बारहवीं के साथ हो कर हल जोत रहा था। उसके पास जा कर एलिय्याह ने अपनी चद्दर उस पर डाल दी।'' हम यहाँ देखते हैं कि एलीशा अपने जीवन में एक बार एलिय्याह के शॉल प्राप्त करने से संतुष्ट नहीं था। वह एक बार फिर एलिय्याह के शॉल के लिए इच्छुक था। इस प्रकार, हम देखते हैं कि प्रभु ने एलीशा को दो बार आशीर्वाद दिया और उसका अभिषेक किया। हम जानते हैं कि दूसरी बार भी शॉल प्राप्त करने के लिए एलीशा को अपने जीवन काल में कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उसका विश्वास और भरोसा पूरी तरह से प्रभु में था। वह परमेश्वर से बहुत प्यार करता था और उसके राज्य के लिए काम करता था। जब एलीशा ने एक बार शॉल प्राप्त की तो वह चुप न बैठा, उसे वह दूसरी बार भी यही चाहिए था। इस प्रकार उसने परमेश्वर के राज्य के लिए लगन से काम किया, परमेश्वर के लोगों के पीछे कड़ी मेहनत की और उनके लिए लगातार रूप से काम किया। कई वर्षों तक, उन्होंने इस शॉल के लिए काम किया और प्रयास किया। अंत में, शॉल दूसरी बार स्वर्ग से उस पर गिर गया, इस प्रकार उसे अभिषेक का दो गुना प्राप्त हुआ। यहां तक कि हमारे जीवन में भी, हम सभी अलग–अलग क्षेत्रों के लोग हैं। परमेश्वर ने हम में से हर एक को अलग–अलग आशीर्वाद दिया है, उसने हमें वादा किए गए देश यानी कनान की ओर ले जाने के लिए अंधकार से निकाला है। जैसे मूसा और यहोशू ने परमेश्वर के अद्भुत कार्यों की गवाही दी, जैसा कि उन दोनों ने अपने जीवन में अनुभव किया था, उसी तरह आज भी प्रभु हमारे

प्रति अपने प्रेम की गवाही देते रहते हैं। इन गवाहीओं को सुनने के बाद हमें क्या करना चाहिए? हमें इसे सुनके भूलना नहीं चाहिए। बल्कि, एलीशा की तरह, हमें केवल एक बार शॉल प्राप्त करने से संतुष्ट नहीं होना चाहिए, हमें बार–बार इसके लिए प्रयास करना चाहिए। इस प्रकार, एलीशा ने एलिय्याह की तुलना में दो गुणा अभिषेक प्राप्त किया। आइए हम पढ़ें 2 राजा 2: 9–14 ''9 उनके पार पहुंचने पर एलिय्याह ने एलीशा से कहा, उस से पहले कि मैं तेरे पास से उठा लिये जाऊं जो कुछ तू चाहे कि मैं तेरे लिये करूं वह मांग; एलीशा ने कहा, तुझ में जो आत्मा है, उसका दूना भाग मुझे मिल जाए। 10 एलिय्याह ने कहा, तू ने कठिन बात मांगी है, तौभी यदि तू मुझे उठा लिये जाने के बाद देखने पाए तो तेरे लिये ऐसा ही होगा; नहीं तो न होगा। 11 वे चलते चलते बातें कर रहे थे, कि अचानक एक अग्नि मय रथ और अग्निमय घोड़ों ने उन को अलग अलग किया, और एलिय्याह बवंडर में हो कर स्वर्ग पर चढ़ गया। 12 और उसे एलीशा देखता और पुकारता रहा, हाय मेरे पिता! हाय मेरे पिता! हाय इस्राएल के रथ और सवारो! जब वह उसको फिर देख न पड़ा, तब उसने अपने वस्त्र फाड़े और फाड़कर दो भाग कर दिए। 13 फिर उसने एलिय्याह की चद्दर उठाई जो उस पर से गिरी थी, और वह लौट गया, और यरदन के तीर पर खड़ा हुआ। 14 और उसने एलिय्याह की वह चद्दर जो उस पर से गिरी थी, पकड़ कर जल पर मारी और कहा, एलिय्याह का परमेश्वर यहोवा कहां है? जब उसने जल पर मारा, तब वह इधर उधर दो भाग हो गया और एलीशा पार हो गया।'' यहाँ हमें ध्यान देना चाहिए कि दूसरी बार जब एलीशा को शॉल मिला था, तब वह एलिय्याह से नहीं था, बल्कि उसे परमेश्वर के द्वारा स्वर्ग से फेंका गया था। यह उसके लिए एक दिव्य उपहार था।

हम पवित्र शास्त्र में भी जानते हैं, कि पवित्र आत्मा उन लोगों पर गिरी थी जो ऊपरी कक्ष में इकट्ठे हुए थे, वह प्रभु की ओर से एक उपहार था। एक तेज हवा आयी और इसके साथ ही उन्होंने उनका अभिषेक प्राप्त किया। आइए हम पढ़ते हैं प्रेरितों के काम 2: 1 – 21 ''1 जब पिन्तेकुस का दिन आया, तो वे सब एक जगह इकट्ठे थे। 2 और एकाएक आकाश से बड़ी आंधी की सी सनसनाहट का शब्द हुआ, और उस से सारा घर जहां वे बैठे थे, गूंज गया। 3 और उन्हें आग की सी जीभें फटती हुई दिखाई दीं; और उन में से हर एक पर आ ठहरीं। 4 और वे सब पवित्र आत्मा से भर गए, और जिस प्रकार आत्मा ने उन्हें बोलने की सामर्थ दी, वे अन्य अन्य भाषा बोलने लगे। 5 और आकाश के नीचे की हर एक जाति में से भक्त यहूदी यरूशलेम में रहते थे। 6 जब वह शब्द हुआ तो भीड़ लग गई और लोग घबरा गए, क्योंकि हर एक को यही सुनाई देता था, कि ये मेरी ही भाषा में बोल रहे हैं। 7 और वे सब चकित और अचम्भित होकर कहने लगे; देखो, ये जो बोल रहे हैं क्या सब गलीली नहीं? 8 तो फिर क्यों हम में से हर एक अपनी अपनी जन्म भूमि की भाषा सुनता है? 9 हम जो पारथी और मेदी और एलामी लोग और मिसुपुतामिया और यहूदिया और कप्पदूकिया और पुन्तुस और आसिया। 10 और फ्रूगिया और पमफूलिया और मिसर और लिबूआ देश जो कुरेने के आस पास है, इन सब

देशों के रहने वाले और रोमी प्रवासी, क्या यहूदी क्या यहूदी मत धारण करने वाले, क्रेती और अरबी भी हैं। 11 परन्तु अपनी अपनी भाषा में उन से परमेश्वर के बड़े बड़े कामों की चर्चा सुनते हैं। 12 और वे सब चकित हुए, और घबराकर एक दूसरे से कहने लगे कि यह क्या हुआ चाहता है? 13 परन्तु औरों ने ठट्ठा करके कहा, कि वे तो नई मदिरा के नशे में हैं। 14 पतरस उन ग्यारह के साथ खड़ा हुआ और ऊंचे शब्द से कहने लगा, कि हे यहूदियो, और हे यरूशलेम के सब रहने वालों, यह जान लो और कान लगाकर मेरी बातें सुनो। 15 जैसा तुम समझ रहे हो, ये नशे में नहीं, क्योंकि अभी तो पहर ही दिन चढ़ा है। 16 परन्तु यह वह बात है, जो योएल भविष्यद्वक्ता के द्वारा कही गई है। 17 कि परमेश्वर कहता है, कि अन्त कि दिनों में ऐसा होगा, कि मैं अपना आत्मा सब मनुष्यों पर उंडेलूंगा और तुम्हारे बेटे और तुम्हारी बेटियां भविष्यद्वाणी करेंगी और तुम्हारे जवान दर्शन देखेंगे, और तुम्हारे पुरिनए स्वप्न देखेंगे। 18 वरन मैं अपने दासों और अपनी दासियों पर भी उन दिनों में अपने आत्मा में से उंडेलूंगा, और वे भविष्यद्वाणी करेंगे। 19 और मैं ऊपर आकाश में अद्भुत काम, और नीचे धरती पर चिन्ह, अर्थात लहू, और आग और धूएं का बादल दिखाऊंगा। 20 प्रभु के महान और प्रसिद्ध दिन के आने से पहिले सूर्य अन्धेरा और चान्द लहू हो जाएगा। 21 और जो कोई प्रभु का नाम लेगा, वही उद्धार पाएगा।'' इसी तरह, हम देखते हैं कि एलीशा दूसरी बार शॉल को प्राप्त करने के लिए कैसे तरसता था, और उसने स्वर्ग से सीधे शॉल गिराकर दूसरी बार प्रभु का शक्तिशाली अभिषेक प्राप्त किया। इस प्रकार यह हमारे जीवन में भी महत्वपूर्ण है, की हम पवित्र आत्मा की बारिश को दो बार प्राप्त करे, जब हम ने पहली बार प्राप्त किया था तो हम विश्वासी बन गए थे और हम उनके बेटे और बेटियां कहलाने लायक हो जाते हैं। लेकिन, बाद की बारिश हमारे जीवन में स्वर्ग से अभिषेक लाती है। आइए हम फिर से वचन पढ़ें 7–9 ''7 और वे सब चकित और अचम्भित होकर कहने लगे; देखो, ये जो बोल रहे हैं क्या सब गलीली नहीं? 8 तो फिर क्यों हम में से हर एक अपनी अपनी जन्म भूमि की भाषा सुनता है? 9 हम जो पारथी और मेदी और एलामी लोग और मिसुपुतामिया और यहूदिया और कप्पदूकिया और पुन्तुस और आसिया।'' किस भाषा वे अपनी भाषा बोल रहे थे, अपने जन्म की भाषा में बोल रहे थे। इस दुनिया में भाषाएं किसने बनाईं? प्रभु ने अलग–अलग भाषाएं बनाईं। इस दुनिया में भाषाओं को किसने बदला? प्रभु ने भाषाओं को बदल दिया। इसलिए, प्रभु ने भाषाएं दीं और भाषाओं को भी बदल दिया। इस प्रकार, प्रभु का अभिषेक प्राप्त करने के बाद, लोग ऊपरी कमरे में इकट्ठे हुए और अपने जन्म की विभिन्न भाषाओं में जीभ से बोलने लगे। वचन 12–13 ''12 और वे सब चकित हुए, और घबराकर एक दूसरे से कहने लगे कि यह क्या हुआ चाहता है? 13 परन्तु औरों ने ठट्ठा करके कहा, कि वे तो नई मदिरा के नशे में हैं।'' जबकि कुछ समूह ने कहा कि ''उन्होंने नई शराब पी है और नशे में हैं, इसलिए हमारी भाषा में बात कर रहे हैं।'' इस तरह पतरस खड़ा हो गया और लोगों को गवाही दी और कहा वचन 14–17 में ''14 पतरस उन ग्यारह के साथ खड़ा हुआ और ऊंचे शब्द से कहने लगा, कि हे यहूदियो, और हे यरूशलेम के सब रहने

वालों, यह जान लो और कान लगाकर मेरी बातें सुनो। 15 जैसा तुम समझ रहे हो, ये नशे में नहीं, क्योंकि अभी तो पहर ही दिन चढ़ा है। 16 परन्तु यह वह बात है, जो योएल भविष्यद्वक्ता के द्वारा कही गई है। 17 कि परमेश्वर कहता है, कि अन्त कि दिनों में ऐसा होगा, कि मैं अपना आत्मा सब मनुष्यों पर उंडेलूंगा और तुम्हारे बेटे और तुम्हारी बेटियां भविष्यद्वाणी करेंगी और तुम्हारे जवान दर्शन देखेंगे, और तुम्हारे पुरिनए स्वप्न देखेंगे।'' यह बाद की बारिश का उपहार है। इस प्रकार हमें इस बाद की बारिश का प्यासा होना चाहिए जैसे कि एलीशा था। वह उस रथ के पीछे कैसे दौड़ा, जिसने एलिय्याह को बवंडर में ले लिया। एलीशा ज़ोर से चिल्लाया और अपने कपड़े फाड़ दिए। प्रभु ने उसी क्षण उसका संघर्ष और पीड़ा को देखा और इस तरह उस पर दृढ़ आत्मा भेजी। तुरंत, एलिय्याह का शॉल उसके ऊपर गिरी। हमारे जीवन में भी, यदि हम प्रभु से विश्वास में मांगते हैं, तो वह हमारी हर इच्छाओं को पूरा करते है। हमारे जीवन में भी, उसने हमें अलग–अलग तरीकों से अपना प्यार दिखाया है, लेकिन उसने जो वादा किया है, उसे पूरा करने के लिए हमें उसके वचन के लिए प्यासा रहना चाहिए। जैसे एलीशा दो बार एलिय्याह की शॉल चाहता था, वह अपने जीवन में एक बार इससे संतुष्ट नहीं था, उसने उसके लिए शोर मचाया और उसके लिए चिल्लाया। दूसरी बार परमेश्वर को एलिय्याह की शॉल ऊपर से फेकने में कोई समय नहीं लगा। हमारे जीवन में भी, यदि हमारे पास समान आत्मा है जो समान इच्छा करता है, तो यह हमारा प्रभु है जो इसे हमारे जीवन में पूरा करेगा। आइए हम पढ़ें योएल 2: 28–29 ''28 उन बातों के बाद मैं सब प्राणियों पर अपना आत्मा उण्डेलूंगा; तुम्हारे बेटे–बेटियां भविष्यद्वाणी करेंगी, और तुम्हारे पुरनिये स्वप्न देखेंगे, और तुम्हारे जवान दर्शन देखेंगे। 29 तुम्हारे दास और दासियों पर भी मैं उन दिनों में अपना आत्मा उण्डेलूंगा।'' हमारे प्रभु का वादा हमारे जीवन में भी पूरा होगा, इसके लिए हमें एलीशा की तरह ही प्यासा होना चाहिए।

हमारा प्रभु जीवित है और जब हम सत्य को जानेंगे, तो सत्य हमें जीवन में स्वतंत्र करेगा। वह हमें हर पाप से अलग करेगा, वह हमारे और उसके बीच के हर परदे को हटा देगा। प्रभु ही जानते है कि दो बार शाल प्राप्त करने के लिए हमारे जीवन में क्या बाधा है, वह इसे हटा देंगे और हमें बाद की बारिश के साथ आशीर्वाद देंगे और हमें दूसरों के लिए आशीर्वाद का एक पात्र बना देंगे, जैसे कि एलीशा। यीशु ने कहा यूहन्ना 8: 32 में ''और सत्य को जानोगे, और सत्य तुम्हें स्वतंत्र करेगा।'' हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने जीवन में प्रभु की उपस्थिति की सच्चाई को पहचानें जैसे कि प्रभु मूसा के साथ था। प्रभु यहोशू के साथ थे, प्रभु नबी एलिय्याह और एलीशा के साथ थे, प्रभु उनके बारह चेलों के साथ थे, उसी तरह आज भी प्रभु हर समय हमारे साथ है।

रोमियों 10: 17 ''सो विश्वास सुनने से, और सुनना मसीह के वचन से होता है।'' विश्वास सुनने से बढ़ता है और हमें परमेश्वर के वचन को सुन्ना चाहिए। यदि हम परमेश्वर के

वचन को नहीं सुनते हैं, तो हमारा विश्वास उनके साथ नहीं बढ़ सकता है। एक बार जब हम सत्य को जान लेंगे, तो सत्य हमें मुक्त कर देगा। हम एक सूबेदार की कहानी जानते हैं जो यीशु के सामने आया था और कहा कि मत्ती 8: 5–10 ''5 और जब वह कफरनहूम में आया तो एक सूबेदार ने उसके पास आकर उस से बिनती की। 6 कि हे प्रभु, मेरा सेवक घर में झोले का मारा बहुत दुखी पड़ा है। 7 उस ने उस से कहा; मैं आकर उसे चंगा करूंगा। 8 सूबेदार ने उत्तर दिया; कि हे प्रभु मैं इस योग्य नहीं, कि तू मेरी छत के तले आए, पर केवल मुख से कह दे तो मेरा सेवक चंगा हो जाएगा। 9 क्योंकि मैं भी पराधीन मनुष्य हूं, और सिपाही मेरे हाथ में हैं, और जब एक से कहता हूं, जा, तो वह जाता है; और दूसरे को कि आ, तो वह आता है; और अपने दास से कहता हूं, कि यह कर, तो वह करता है। 10 यह सुनकर यीशु ने अचम्भा किया, और जो उसके पीछे आ रहे थे उन से कहा; मैं तुम से सच कहता हूं, कि मैं ने इस्राएल में भी ऐसा विश्वास नहीं पाया।'' यह सूबेदार का महान विश्वास था। उसने यीशु से कहा ''केवल एक वचन मेरे नौकर को चंगा करेगा।'' शुरू से ही इस्राएलियों ने जंगल में अपनी यात्रा के माध्यम से प्रभु के अद्भुत कार्यों को देखा, फिर भी पुरे मार्ग में अविश्वास दिखाते रहे और कुड़कुड़ाते रहे। हमने देखा कि कैसे मूसा और यहोशू दोनों ने परमेश्वर के चमत्कारों और उनके बीच किए गए प्रभु द्वारा कार्यों की गवाही दी, लेकिन फिर भी इस्राएलियों को विश्वास नहीं हुआ और वे वादा किए गए देश की भूमि तक पहुँचने से पहले ही वे नाश हो गए। लेकिन यहाँ हम यीशु के वचन में सूबेदार के विश्वास को देखते हैं, वह यीशु से कहता है ''मेरे घर आने के लिए आपकी कोई आवश्यकता नहीं है, आप सिर्फ एक वचन बोल दीजिये और मेरा सेवक ठीक हो जाएगा''। यह यीशु के वचन में उसका बड़ा विश्वास था। जी हाँ, परमेश्वर के हर वचन में वह सामर्थ है कि हम जो कुछ करते हैं, उसमें हम विजय पाएं। लेकिन हमें उस पर विश्वास होना चाहिए। वचन 10 कहता हैं ''10 यह सुनकर यीशु ने अचम्भा किया, और जो उसके पीछे आ रहे थे उन से कहा; मैं तुम से सच कहता हूं, कि मैं ने इस्राएल में भी ऐसा विश्वास नहीं पाया।'' यीशु ने अपने शिष्यों को सूबेदार की गवाही दी और कहा ''मैंने पूरे इस्राएल में ऐसा महान विश्वास नहीं देखा है''। हम वचन की ताकत को जानते हैं, यूहन्ना 1: 1 कहता है ''आदि में वचन था, और वचन परमेश्वर के साथ था, और वचन परमेश्वर था।'' कल्पना कीजिए कि उसका सेवक कितना पीड़ित रहा होगा, यही कारण है कि सूबेदार उसे पीड़ित देख न सका। इस प्रकार, वह यीशु के पास खुद के लिए कुछ भी पूछने के लिए नहीं आया, बल्कि अपने सेवक के चंगाई के लिए आया। मत्ती 11: 13 ''यूहन्ना तक सारे भविष्यद्वक्ता और व्यवस्था भविष्यद्ववाणी करते रहे।'' हालाँकि, हमारे पाप बहुत हैं, लेकिन अगर हम विश्वास में प्रभु के पास आते हैं, तो वह हमें छुएंगे और अपने दिव्य स्पर्श से हमें ठीक करेंगे। यीशु हमारे पापों को ढकते नहीं है, बल्कि प्रकट करते है, ठीक करते है और हमें क्षमा करते है। आज हमारा जीवन एक ही है, प्रभु हमारे पापों को ढकते नहीं है, बल्कि वह हमें इस सब से बाहर निकलते है और बचाते है। यह दुनिया हमें कुछ नहीं दे सकती है, यीशु कहते हैं ''जैसे

मैं इस दुनिया का नहीं हूं, वैसे ही मेरे लोग भी इस दुनिया के नहीं हैं''। समय–समय पर प्रभु हमारी सभी इच्छाओं को पूरा करते हैं और चाहते हैं, हम प्रभु पे बिना किसी शर्त के विश्वास करे।

पवित्र शास्त्र में हम जानते हैं कि 'यीशु ही सच्ची दाखलता है ', उन्होंने बेल को छांटा ताकि वह और अधिक फलदायी बने। आइए हम पढ़ें यूहन्ना 15ः 1–10 ''1 सच्ची दाखलता मैं हूं; और मेरा पिता किसान है। 2 जो डाली मुझ में है, और नहीं फलती, उसे वह काट डालता है, और जो फलती है, उसे वह छांटता है ताकि और फले। 3 तुम तो उस वचन के कारण जो मैं ने तुम से कहा है, शुद्ध हो। 4 तुम मुझ में बने रहो, और मैं तुम मेंः जैसे डाली यदि दाखलता में बनी न रहे, तो अपने आप से नहीं फल सकती, वैसे ही तुम भी यदि मुझ में बने न रहो तो नहीं फल सकते। 5 मैं दाखलता हूंः तुम डालियां हो; जो मुझ में बना रहता है, और मैं उस में, वह बहुत फल फलता है, क्योंकि मुझ से अलग होकर तुम कुछ भी नहीं कर सकते। 6 यदि कोई मुझ में बना न रहे, तो वह डाली की नाईं फेंक दिया जाता, और सूख जाता है; और लोग उन्हें बटोरकर आग में झोंक देते हैं, और वे जल जाती हैं। 7 यदि तुम मुझ में बने रहो, और मेरी बातें तुम में बनी रहें तो जो चाहो मांगो और वह तुम्हारे लिये हो जाएगा। 8 मेरे पिता की महिमा इसी से होती है, कि तुम बहुत सा फल लाओ, तब ही तुम मेरे चेले ठहरोगे। 9 जैसा पिता ने मुझ से प्रेम रखा, वैसा ही मैं ने तुम से प्रेम रखा, मेरे प्रेम में बने रहो। 10 यदि तुम मेरी आज्ञाओं को मानोगे, तो मेरे प्रेम में बने रहोगेः जैसा कि मैं ने अपने पिता की आज्ञाओं को माना है, और उसके प्रेम में बना रहता हूं।'' हमारे प्रभु यीशु कितने पराक्रमी हैं, वे कहते हैं, ''मैं अपने पिता के साथ और मेरे पिता मेरे साथ बनके रहते हैं''। जैसे हमने इस संदेश में देखा है कि कैसे मूसा परमेश्वर के साथ बनके रहता था, यहोशू परमेश्वर के साथ बनके रहता था, भविष्यद्वक्ताओं एलिय्याह और एलीशा दोनों को प्रभु के साथ बनके रहते थे, चेले भी यीशु के साथ बनके रहते थे। इसी तरह, हमें भी परमेश्वर के साथ बनके रहने की आवश्यकता है। प्रभु के बिना हमारा जीवन व्यर्थ है, यह दूसरों के लिए एक गवाही का जीवन नहीं बन सकता है। अपने जीवन की हर परिस्थिति में, हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि प्रभु हमारे साथ है। यह परमेश्वर का अकेला प्रेम है जो हमें जीवन के तूफानों को सफलतापूर्वक झेलने में मदद करेगा। यीशु ने खुद अपने चेलों को सूबेदार के जीवन के बारे में गवाही दी थी। हमें इस दुनिया के अंधेरे में नाश नहीं होना चाहिए। हमारा परमेश्वर पक्षपात करनेवाला परमेश्वर नहीं है, प्रभु हर एक को, उनके राज्य के लिए किए गए हमारे कामों के अनुसार हमें आशीर्वाद देंगे।

प्रभु करे की यह संदेश हमारे जीवन में एक आशीर्वाद के रूप में हो। प्रभु की स्तुति हो !

पास्टर सरोजा म.